दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र




मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 297 मुरादाबाद 23 February 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूक्रेन और रूस पर बंटने लगी दुनिया, जापान से ऑस्ट्रेलिया तक दे रहे नसीहत; चीन और भारत का एक रुख



रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने पूरी दुनिया को दोफाड़ कर दिया है। एक तरफ अमेरिका समेत तमाम नाटो देशों ने रूस की आक्रामक कार्रवाई की निंदा की है तो वहीं भारत और चीन जैसे बड़े राष्ट्रों ने इस पूरे विवाद पर तटस्थता बरती है। रूस ने इस तनाव के लिए अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को जिम्मेदार ठहराया है। संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने यूक्रेन को सैन्य कार्रवाई के लिए उकसाने का काम किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग में सोमवार रात रूसी राजनियक वैसिली नेबेंजिया ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसकी ओर से लुहान्सक और डोनेत्सक इलाके में बम फेंके जा रहे हैं। इन दोनों ही इलाकों को रूस ने यूक्रेन से अलग प्रांतों के तौर पर मान्यता दे दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने 1 लाख 20 हजार सैनिकों को पूर्वी यूक्रेन में तैनात किया है, जहां रूसी समर्थक अलगाववादी सक्रिय हैं। इस बीच जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने रूस की कार्रवाई का विरोध किया है। साउथ कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन ने यूक्रेन की संप्रभुता का समर्थन किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों संग मीटिंग के बाद मून जे इन ने यूक्रेन विवाद के बीच आर्थिक सुरक्षा के मसले पर चर्चा की। जापान के पीएम फुमियो किशिडा ने रूस की निंदा करते हुए कहा कि उसने यूक्रेन की संप्रभुता से खिलवाड़ करने का काम किया है। यही नहीं उन्होंने रूस पर प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उनका कहना है कि जापान रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों को लागू करने पर विचार करेगा।

### भारत और चीन का रूस पर एक सा रुख, दिखा रहे हैं नरमी

इस बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग में किसी एक पक्ष का समर्थन या विरोध करने की बजाय संयम बरतने की अपील की है। इसके अलावा चीन भी भारत की तरह ही कुछ भी टिप्पणी करने से बच रहा है। चीन का कहना है कि इस विवाद का हल यूएन चार्टर के तहत शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। यूएन में चीन के अंबेसडर झांग जुन ने कहा कि सभी पक्षों को शांति बरतने पर फोकस करना चाहिए और कूटनीतिक ढंग से विवाद हल करने पर काम होना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन जैसे देशों ने खुलकर की रूस की निंदा

इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन भी खुलकर यूक्रेन के समर्थन में आए हैं। उनका कहना है कि रूस को तत्काल पूर्वी यूक्रेन से पीछे हटना चाहिए, जहां उसने अपनी सेनाओं को भेजना का आदेश दिया है। न्यूजीलैंड ने भी यूक्रेन में रूसी कार्रवाई का विरोध किया है। इन देशों के अलावा जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश भी रूस के खिलाफ हैं।

## मणिपुर विधानसभा चुनाव 2022: पूर्वोत्तर की संस्कृति और पहनावे का मजाक उड़ाते हैं कांग्रेस नेता– पीएम मोदी



देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में मतदान हो चुका है जबकि यूपी में तीसरे चरण की वोटिंग हुई है। मणिपुर में भी अभी मतदान बाकी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज मणिपुर के हिंगांग में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने मणिपुर की जनता को सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मोदी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत मणिपुर में 60 हजार से ज्यादा घर बनाएं जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर पर मालिकाना हक महिलाओं का है।

### कांग्रेस पर बोला हमला

मोदी ने कांग्रेस पर हमला भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, नॉर्थ ईस्ट के लोगों की भावनाओं को, यहां के लोगों की तकलीफों को कभी समझ ही नहीं पाई। ये ह्ष्ठ की सरकार है जो नॉर्थ ईस्ट को अष्ठ लक्ष्मी मानते हुए, भारत के विकास का ग्रोथ इंजन मानते हुए, काम कर रही है। आप सभी की सेवा, आप सभी का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि बीते दशकों में आपने अनेक सरकारों, उनका कामकाज और उनके कारनामे देखे हैं। दशकों के कांग्रेस शासन में मणिपुर को असमानता और असंतुलित विकास ही मिला, लेकिन बीते 5 वर्षों में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने मणिपुर के विकास का पूरी ईमानदारी से प्रयास किया है।ये चुनाव मणिपुर के आने वाले 25 साल को निर्धारित करने वाला है, स्थि?रता और शांति की जो प्रक्रिया इन 5 सालों में शुरू हुई है उसमें अब हमें स्थायी बनाना है। इसलिए ?मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बननी बहुत आवश्यक है। मणिपुर में जो देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई गई है, वो इस क्षेत्र को स्पोर्ट्स का इंटरनेशनल हब बनाएगी। बीजेपी सरकार पूरे नॉर्थ ईस्ट में स्पोर्ट्स टैलेंट को प्रोत्साहित कर रही है, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश कर रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## CM योगी का सपा पर हमला, दंगों और माफियाओं से थी उनकी पहचान



यूपी चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए दिग्गजों ने ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बहराइच में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती के 13 विधानसभा क्षेत्रों की संयुक्त रैली होगी। इसी रैली के माध्यम से पीएम गोंडा और बलरामपुर की 6 विधानसभाओं के लोगों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 फरवरी को देवरिया और बलिया में जनसभाएं संबोधित करेंगे। शाम को गोरखपुर में पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक करेंगे। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को प्रतापगढ़ और प्रयागराज में चुनावी सभाएं और जनसंपर्क करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह प्रतापगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार को महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर में चुनावी सभाएं करेंगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुल्तानपुर और प्रयागराज में विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती मंगलवार को बहराइच में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। ग्राम सोहरियांवा, तहसील थाना पयागपुर में अपराह्न दो बजे वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। यह जानकारी प्रदेश पार्टी कार्यालय की ओर से दी गई है। अयोध्या में सीएम योगी ने कहा, जिन आतंकवादियों ने अयोध्या में राम मंदिर पर हमला किया था सपा ने सत्ता में आने के बाद सबसे पहले उन आतंकवादियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने का शर्मनाक काम किया था

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## अफरीदी इदरीसी को किया गया सम्मानित



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाइस ऑफ खाकी के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूसुफ चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा हम ने जो जिम्मेदारी मोहम्मद अफरीदी इदरीसी को दी थी उससे कई गुना ज्यादा अपनी जिम्मेदारी निभाने का काम किया है वाइस ऑफ खाकी ट्रस्ट एक ऐसा संस्था है जो पुलिस को सहायता प्रदान करती है लेकिन अब तक सरकार का ध्यान इन संस्थाओं पर नही है इस न्यूज़ पेपर के माध्यम से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से आग्रह है वाइस ऑफ खाकी ट्रस्ट को सरकारी सहायता एवं ओहदे दी जाए वाइस ऑफ खाकी ट्रस्ट आपदा की घड़ी में भारत के तमाम जनता के साथ हमेशा रहने का काम किया है वाइस ऑफ खाकी ट्रस्ट गरीब तबके एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए भी कई ऐसा सहायता प्रदान करते है लोनी नगर अध्यक्ष सोएब खान और जिला गाजियाबाद मीडिया प्रभारी आजाद अली ने बताए की हम बहोत जल्द पूरे भारत वाइस ऑफ खाकी का नाम होगा वहीं दूसरी तरफ अंजली कश्यप ज्योती मंडल और आकांक्षा सहनी ने भी बोले की हम बहोत जल्द महिला टीम की तैयारी कर रहे हैं यह सुन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मन प्रसन्न हो गया सम्मान समारोह उपस्थित लोग कुछ इस तरह थे राष्ट्रीय सचिव अरशद जैकी गाजियाबाद जिला सचिव सूरज पाल जैसे सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे वाइस ऑफ खाकी ट्रस्ट की अगली कड़ी फिर अगले अपिसोर्ट में दिखेंगे।


## ग्राम समाज की गोशाला के लिए आवंटित भूमि पर दबंग द्वारा किया जा रहा अवैध निर्माण

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- जनपद के देहात कोतवाली अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छेहरांव में ग्राम समाज की गोशाला के लिए आवंटित भूमि पर गांव के ही दबंगों द्वारा लेखपाल से मिली भगत कर गाटा संख्या 435 में अवैध निर्माण कार्य जारी है। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान द्वारा 04.02.2022को उच्चाधिकारियों से प्रार्थना पत्र के मध्यम से अवगत कराया गया। मगर विधान सभा चुनावों में अधिकारियो की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए गांव के दबंगों द्वारा गोशाला के लिए आवंटित भूमि में अवैध निर्माण कार्य जोरो से कई लेबर लगा कर किया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने जिले के अधिकारियों से गोशाला की भूमि को दबंगों के कब्जे से बचाने की मांग की है।

## पोलिंग पार्टियां हुई रवाना



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- 22 को चौथे चरण में होने वाले विधानसभा चुनावों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला अधिकारी अनुराग पटेल की निगरानी में सभी वोटिग मशीन की जांच कर सभी मतदान कर्मियो के सुपुर्द कर पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। साथ ही हर पोलिग पार्टी के साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस वा अर्ध सैनिक बल की भी व्यवस्था की गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## बच्चों से मिल खिले परिजनों के चेहरे

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द कुमार शर्मा थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती मय हमराही टीम क्षेत्र भ्रमण पर थे कि डायल -112 कन्ट्रोल रूम से सूचना मिली कि दो बच्चे दिकौली मोड़ लावारिस हालत में मिले है, इस सूचना पर दिकौली मोड़ पर पहुँचकर, पीआरवी 3560 के कर्म0गण का0 जितेन्द्र यादव व हो0गा0 दिलीप शर्मा की सुरक्षा में दोनो बच्चे मौजूद मिले। जिनका नाम क्रमशः ओमकार उम्र करीब 04 वर्ष व बच्ची उम्र करीब 03 वर्ष है पूछने पर बताये अपने माता पिता का नाम पता बताने में असमर्थ थे, दोनों बच्चों को महिला आरक्षी प्रिया की सुपुर्दगी मे लेकर वापस थाना आये, जिन्हे महिला हेल्प डेस्क मे बैठाया गया व बच्चों को फल व बिस्कुट मगवाँकर दिया गया। बच्चों के सम्बन्ध में 1098 ( चाइल्ड हेल्प लाईन ) व उच्चाधिकारीगण को सूचना दिया गया। इस सूचना पर पंकज श्रीवास्तव अपने टीम के सदस्य श्री श्रीपाल व मनोज कुमार चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 सिविल लाईन सिसवा भिनगा जनपद श्रावस्ती के साथ उपस्थित आये पश्चात विजय कुमार पुत्र जंगली नि0 भयापुरवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती, मिट्ठू पुत्र राम अभिलाख व श्रीमती शकुन्तला पत्नी मिट्ठू नि0गण अधूतनगर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती अपने बच्चों को खोजते हुए थाने पर उपस्थित आये, जो अपने अपने बच्चों को पहचाने है तथा बच्चे भी अपने माता पिता को पहचाने व साथ जाने के लिए तैयार हुये।

परिजनों ने बताया कि बहराइच न्योता करने गये थे, बस पर काफी भीड़ थी, बच्चे भीड़ में दिकौली मोड़ पर उतर गये । बस आगे चली आयी, अचानक बच्चों को न देखकर वापस खोजते हुए जा रहे थे कि पता चला कि थाने पर बच्चों लाये गये है, बच्चे हमारे है। हमारे बच्चों को हमें दे दिया जाये। पुलिस व चाइल्ड हेल्प लाइन टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए दोनों बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया ।

## सुरक्षा ऐसी कि परिंदा भी पर न मार सके

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत जनपद में मतदान 14 फरवरी को सकुशल सम्पन्न हो चुका है। ईवीएम में परिणाम के नतीजे कैद है, जिसकी मतगणना 10 मार्च को मंडी समिति में ही की जाएगी। मंडी समिति परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम कड़ी सुरक्षा में रखी गई हैं।

असलहों से लैस बीएसएफ और सीआरपी के जवान 24 घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा ऐसी कि स्ट्रांग रूम के आसपास परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इसलिए मजिस्ट्रेट की भी शेडयूल के मुताबिक ड्यूटी लगाई गई है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी लगातार मंडी समिति का दौरा किया जा रहा है। तीसरी आंख कहे जाने वाले सीसीटीवी कैमरे से भी ईवीएम की सुरक्षा की निगरानी की जा रही है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ0पी0 सिंह व सम्बंधित अधिकारियों के साथ मंडी समिति परिसर में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। डीईओ ने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में बैठने वाले प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के पहचान पत्र चेक करके ही बैठने दिया जाए, साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए, एक समय में एक पार्टी का एक ही प्रतिनिधि बैठे और उनके आने-जाने का समय पंजिका में अंकित किया जाए। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को रुकने नहीं दिया जाए। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाए।



डीईओ ने एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंडी समिति का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विधानसभा का स्ट्रांगरूम, मतगणना स्थल और लोगों के आने-जाने तथा मीडिया को बैठने की व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की।

## मुख्य आरक्षी व शिक्षक के बीच विभाग को लेकर शिक्षा विभाग के शिक्षक हुए लामबंद और पुलिस चौकी बदला चौराहा पर किया प्रदर्शन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा ब्लॉक के दोदिपुरवा में तैनात शिक्षक प्रेम कुमार लोधी पटवारीपुरवा प्राथमिक विद्यालय में तैनात आवेश कुमार व कम्पोजिट विद्यालय शिकारी चौड़ा में तैनात दयाचंद मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बदला बाजार में किराए के मकान में रहते हैं जहां पर मंगलवार सुबह सभी शिक्षक विद्यालय जाने के लिए तैयार हो रहे थे तभी वही बगल में किराए के कमरे में रह रहे मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बदला पुलिस चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी जय धीषम्य त्रिपाठी अध्यापकों के कमरे पर पहुंच गए और साफ सफाई को लेकर दोनों में बहस गालीगलौज होने लगा जो जिससे सभी नाराज शिक्षक इकट्ठा हो गये बदल पुलिस चौकी पर प्रदर्शन करने लगे जिसपर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने सभी शिक्षकों को कार्यवाही का आश्वासन देकर सभी को शांत कराया

# सुरजन नगर में हुआ पुष्टाहार का वितरण



मुरादाबाद-ग्राम पंचायत सुरजन नगर के किसान सेवा केंद्र में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर छह माह से तीन वर्ष के शिशुओं के लिए पुष्टाहार का वितरण किया गया। यह वितरण सुरजन नगर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान वीर सिंह उर्फ वीरू एवं पंचायत सहायक हिमानी चौहान के द्वारा किया गया। यह पुष्टाहार सीमा रानी, ज्योति देवी, वाला देवी आदि के शिशुओं को वितरित किया गया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान ने यहां पर बनाए गए कोरोना से बचाव के टीकाकरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। सभी ग्रामीणों को कोरोना से बचने की सलाह देते हुए टीके की दोनों डोज लगवाने की अपील की।

यहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका राजरानी, मंजू सिंह, द्रौपदी, हिमानी, बीसी सखी काजल कांबोज, पवन, राजू, रोहित, विमल, पिंटू आदि रहे।

# भोजपुर में पांच दिवसीय रोवर्स- रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन



मुरादाबाद-राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में पांच दिवसीय रोवर्स- रेंजर्स प्रशिक्षण/निपुण शिविर का समापन समारोह मनाया गया। शिविर में छात्राओं की पांच टोलियों ने टेंट बनाया। छात्रों की चार टोलियों ने भी टेंट बनाया।छात्रों की एक टोली ने बांस तथा रस्सी की सहायता से पुल बनाया। टेंट प्रतियोगिता में रोवर्स के टोली नंबर तीन और रेंजर्स की टोली नंबर पांच प्रथम रही। रंगोली प्रतियोगिता में रोवर्स के टोली नंबर दो व रेंजर्स के टोली नंबर तीन प्रथम रही। सेतु बनाने वाली रोवर्स की टोली बेस्ट टोली रोवर्स रही। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी, उरूज तथा विशाल वर्मा ने प्रतिभाग किया। बेस्ट रोवर्स का अवार्ड अब्दुल रज्जाक, बीएससी प्रथम वर्ष तथा बेस्ट रेंजर्स का अवार्ड आयुषी, बीएससी प्रथम वर्ष को मिला। रोवर्स रेंजर्स ने बिना बर्तन के खाद्य पदार्थ का निर्माण भी किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मो.असलम खां ने की। प्राचार्य ने रोवर्स और रेंजर्स से पांच दिवसीय कैंप के दौरान उनके अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रोवर्स- रेंजर्स के अनुशासन की प्रशंसा की। संचालन संयुक्त रूप से डॉ. सरस्वती व डॉ मनोज कुमार पारस ने किया। पांच दिवसीय शिविर में ट्रेनिंग काउंसलर कुमारी तान्या गुप्ता, अक्षत शर्मा ने टोलियों को विपरीत परिस्थितियों में रहना, एक-दूसरे के सहयोग से कठिन परिस्थितियों से निपटना सिखाया। रोवर्स प्रभारी डॉ मनोज कुमार पारस ने आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ.नरेश कुमार, शालिनी गुप्ता, जितेंद्र कुमार, डॉ संदीप कुमार गुप्ता, मधु त्यागी, वंदना भारती, अमित कुमार, संजू कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ पूजा निर्माणिया, डॉ. उमंग अग्रवाल, अनुज, अमित, अंकित आदि रहे।

# भगतपुर में दुष्कर्म का आरोपी देवर गिरफ्तार

मुरादाबाद-क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले किसान की बेटी ने अपने पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने व देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी देवकर को गिरफ्तार कर लिया है। भगतपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी उत्तराखंड के थाना काशीपुर क्षेत्र में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले अधिक दहेज की मांग कर उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसके देवर ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि पति उसके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता था। विरोध पर गाली-गलौज व मारपीट करता था। पीड़ता ने परिजनों से भी शिकायत की। महिला ने अपने पति समेत छह आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी देवर आसिफ को गिरफ्तार कर लिया।

# नशीले इंजेक्शन की खेप बरामद कर ठाकुरद्वारा के युवक दबोचे

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा से दो युवकों को उत्तराखंड के काशीपुर इलाके से आईटीआई थाना पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों का कारोबार करने वाले युवकों से नशीले इंजेक्शनों की खेप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। नशीले पदार्थ के कारोबारियों के तार उत्तराखंड से जुड़े हैं। पुलिस की सख्ती के बावजूद नशे का जहर सप्लाई हो रहा है। युवाओं को नशे का



आदी बनाया जा रहा है। पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाकर कई बार नशे की सामग्री पकड़ी, बावजूद इसके यक कारोबार रुक नहीं रहा है। आईटीआई थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों पकड़कर उनके पास से चार दर्जन से अधिक प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं। दोनों युवक मोहम्मद शमी व मोहम्मद वसीम नगर के मोहल्ला लल्ला कालोनी के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए युवकों की मदद से नशा माफिया को पकड़ा जाएगा।

**www.knlslive.com**

# लकड़ी की खोई से भरा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे राहगीर



मुरादाबाद-मंगलवार की शुबह को खोई से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। हादसे में चालक और हेल्पर मामूली रूप से घायल हो गए।

गनीमत थी कि कोई राहगीर हादसे में हताहत नहीं हुआ। काशीपुर रामनगर जाने के लिए यात्री पीपलसाना बस स्टैंड पर खड़े थे। अचानक एक ट्रक अनियंत्रित होकर यात्रियों की तरफ आया 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। दोपहर बाद ट्रक मालिक एवं ग्रामीणों की मदद से क्रेन द्वारा खाई में गिरे ट्रक को निकाल प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। अचानक हुए हादसे से बस स्टैंड पर मौजूद लोग भयभीत हो गए।

ट्रक चालक खालिद रामपुर से लकड़ी की खोई भरकर काशीपुर रामनगर जा रहा था। ट्रक पलट जाने के कारण चालक और हेल्पर मामूली रूप से घायल हो गए। देर शाम तक ट्रक खाई में पड़ा।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Tension in Shivamogga

This is usually what happens when communalism plays its game. Within a few days, the whole of Karnataka has turned like a pile of dry thatch, where every spark now scares and every incident seems to add fuel to the fire. Tension has surfaced across Karnataka following the killing of a Bajrang Dal worker in the state's Shivamogga district.He is creating shudder in the whole country. In Uttar Pradesh, where assembly elections are currently going on, such news can also create new problems. We do not yet know what was the exact reason behind this murder, but given the circumstances, it is natural to link this matter to the ongoing hijab controversy in the state.Even if this matter is not related to the hijab controversy, it will still serve to incite the controversy further. And if this massacre is related to the hijab controversy, it means that politics has taken an unnecessary controversy to the point of ruthlessness. There is no dearth of people in the country who would like to somehow link it with the hijab controversy, because their political interests are served by such controversies. This is the reason that even before the police came to any conclusion, allegations have piled up.The administration works in a special way on such occasions and there are reports of such steps being taken. Originally this dispute started with schools, colleges, so all such educational institutions have been closed for the time being. The deployment of security forces has been increased. The police have barricaded all the areas where there is a possibility of increasing tension.The real effort behind such efforts is that if some people are angry or if some kind of rumors are provoking people, then the fears of conflict should be continuously reduced. But on a similar occasion, we hear such a statement from a state minister, which can sabotage these efforts of the administration.Of course, there are others who add fuel to the fire. What is happening in Karnataka for the last few days shows that the people who maintain peace after any tension are becoming less and less in the society. Such statements of favor and opposition are being heard continuously, which will not allow the dispute to cool down in any way. Some such organizations are also active on the behest of all of them,Those who want to settle a very sensitive issue on the streets. The intelligentsia section of the society has also left everything to the court. It is possible that the court may bring the hijab controversy to some conclusion, but in the meantime, the tension that will increase, may find another excuse to flare up tomorrow. Therefore, the priority should be to reduce this tension.Suddenly our whole society has reached that point where people who talk about tolerance have become very less. If these situations are not changed at the earliest, the same situation that we are witnessing at Karnataka level today can trouble us in other parts of the country as well.

अन्य खबरों के लिए देखे.
WWW.KNLSIVE.COM

# Pooja Banerjee left 'Kumkum Bhagya', because of this the actress had to take this big decision



TV actress Pooja Banerjee has left the popular small screen serial Kumkum Bhagya. She played the role of Riya in this serial. The character of Pooja Banerjee has always been loved by the audience, but now she will not be seen in Kumkum Bhagya. He has taken his own decision to withdraw from the show. Monday (February 21 was Pooja Banerjee's last day on the sets of Kumkum Bhagya.Pooja Banerjee herself has given information about leaving the show through social media. She remains very active on social media. Pooja Banerjee often shares her special pictures and videos to get in touch with her fans. He has shared a video on his official Instagram account. This video is from the sets of Kumkum Bhagya. In which the entire team of the show is seen bidding farewell to Pooja Banerjee.In this video all the actors of Kumkum Bhagya are seen getting emotional. While sharing this video, Pooja Banerjee has also written a special post for the makers and all the artists. He wrote in the post, 'Unit we will meet again... Thanks to the team of Kumkum Bhagya for this beautiful journey. I will always be grateful to all of you for showering me with lots of love and making me feel special during my pregnancy.'Pooja Banerjee further wrote in the post, 'I will never forget the spot boy, camera department, makeup and hair department and other juniors. You all have been very supportive and caring. I love you all very much. In this post, Pooja Banerjee tagged other actors working in Kumkum Bhagya and also thanked them for working with them.This post of Pooja Banerjee is becoming increasingly viral on social media. Fans of the actress are very fond of her post. Also giving your feedback by commenting. Let us tell you that Pooja Banerjee has left Kumkum Bhagya due to her pregnancy. She is soon going to become a mother for the first time. In such a situation, taking care of his health, he has called this famous TV show Alivada.

# Big success for crime branch, 4 people arrested for making porn from actresses by giving 2000

Mumbai. Raj Kundra Ponography Case: Mumbai Crime Branch's property cell has got a big success in the entertainment world's most talked about Raj Kundra pornography case. Taking action, the property cell of the Crime Branch has arrested four more accused who are absconding in the pornography case. According to the Crime Branch, all four are accused of forcibly shooting porn movies and raping models and actresses.Let us tell you that the pornography case has been the most talked about case of Bollywood. Businessman



Raj Kundra and actress Gehana Vashisth were also arrested by the Crime Branch in the case. After which the husband of Bollywood actress Raj Kundra had to stay in jail for a long time. Raj Kundra was granted bail by a Mumbai court on a surety of Rs 50,000 after being in jail for nearly two months in the pornographic video case.Casting Director Arrested- Raj Kundra Ponography Case: Information has come to the fore. A casting director and three of his associates are among the four arrested by the Mumbai Crime Branch's property cell in the Raj Kundra pornography case. They have been arrested from Versova and Borivali in Mumbai.He used to give 2000 rupees to shoot porn movies- It has been revealed in the information that, casting director Naresh Pal used to take models and actresses to Marh area of ??Mumbai where porn films were shot. In return, he used to give him 2000 rupees. The other three accused used to help him in this whole work.

# मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट एम्बुलेंस चालको का गिरोह सक्रिय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- मेडिकल कॉलेज में चल रहा प्राइवेट एम्बुलेंस चालको का धंधा मरीज के परिजनों को गुमराह कर नही कराने देते इमरजेंसी में इलाज मरीज आते ही गिद्द बन कर टूटते हैं परिजनों पर प्राइवेट एम्बुलेंस चालक प्राइवेट अस्पतालों से चंद रुपयों की मिलने वाली दलाली को लेकर परिजनों को मेडिकल कॉलेज में अच्छा इलाज न मिलने की सलाह पर कर दिया जाता हैं गुमराह आखिर इन प्राइवेट एम्बुलेंस चालको पर कब होगी कार्यवाही जिससे मेडिकल कॉलेज में आये मरीज सुकून से करवा सके इलाज मेडिकल कॉलेज में सरावल ( सिढ़पुरा ) से लाये गए मरीज प्रशांत पुत्र गोविंद को लेकर आये परिजनों को अच्छा इलाज न मिलने की बात कह मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से प्राइवेट एम्बुलेंस चालको ने किया गुमराह मेडिकल कॉलेज के स्टाफ जब तक मेडिसन लेकर आये तब तक गुमराह हुए परिजन को मरीज सहित प्राइवेट एम्बुलेंस चालक लेकर हुए फरार इमरेजेंसी का स्टाफ मरीज का नाम पता खोजने में जुटा

# मतदान केंद्र से दूर ग्रामीणों के बीच फायरिग, चार हिरासत में

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मतदान केंद्र से दूर ग्रामीणों के बीच फायरिग, चार हिरासत में थाना जैथरा के गांव सुकटीखेड़ा और जवाहरनगर के ग्रामीणों के बीच का मामला अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के थाना जैथरा के गांव सुकटीखेड़ा और जवाहरनगर के ग्रामीणों के बीच मतदान केंद्र से एक किलोमीटर दूर फायरिग हुई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।दोनों गांवों के ग्रामीण राजनीतिक दलों के समर्थक बताए जा रहे हैं। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव लंगुटिया के पास पहले से मौजूद कुछ ग्रामीणों और वोट डालकर जा रहे ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों के ग्रामीण भिड़ गए और फायरिग होने लगी। यह लोग गांव सुकटीखेड़ा और गांव जवाहरनगर के बताए गए हैं। फायरिग के दौरान अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत यह रही कि घटना स्थल जवाहरनगर मतदान केंद्र से एक किलोमीटर दूर है। सूचना मिलते ही तत्काल ही खासी तादात में पुलिस फोर्स पहुंच गया और ग्रामीणों को खदेड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सर्च आपरेशन चलाया, चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। गांवों में फायरिग करने वालों की तलाश की जा रही है और दविशों का सिलसिला जारी है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर पुलिस के पास नहीं पहुंची है। सीओ अलीगंज राजकुमार ने बताया कि मतदान केंद्र से दूर फायरिग की घटना हुई है, चार लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। वारदात को अंजाम देने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। फर्जी वोटिंग की सूचना पर दौड़ी पुलिस, कई पकड़े जनपद में चार विधानसभा सीटों के लिए हुए मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर फर्जी वोट डालने और मतदाताओं में नोकझोंक होने की सूचना पर पुलिस दौड़ती रही। पुलिस ने कई लोगों को पकड़ लिया। मतदान के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

www.knlslive.com

# मण्डी समिति में स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए अधिकारियों, निरीक्षकों की तैनाती

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के मतदान संपन्न होने के उपरांत कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में जनपद की सभी चार विधानसभाओं में हुए निर्वाचन के लिए स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जिसमें शील्ड ईवीएम रखे गए हैं। स्ट्रांग रूम की चक्रवार सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों, निरीक्षकों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि मा0 आयोग के निर्देश के क्रम में जिले की 103-अलीगंज, 104-एटा, 105-मारहरा, 106-जलेसर विधानसभा क्षेत्र की मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना हेतु मण्डी समिति में रखी पोल्ड बीयू, सीयू एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था के अतिमहत्वपूर्ण निर्देश निर्गत किए गए हैं। मतदान के बाद पोल्ड ईवीएम के स्ट्रांगरूम को सीसीटीवी से आच्छादित करते हुए राज पत्रित अधिकारियों के साथ पुलिस ऑफीसर की संयुक्त रूप से 8-8 घण्टे की ड्यूटी/तैनाती 24 फरवरी तक की गई है। संबंधित अधिकारीगण स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करने वाले अधिकारियों का विवरण लॉग बुक में अंकित करायेंगे तथा स्वयं भी पूर्ण विवरण अपनी तैनाती का अंकित रखेंगे। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार उदयवीर दुबे खण्ड विकास अधिकारी निधौलीकलां, विजय कुमार निरीक्षक क्राइम ब्रांच को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, उमाकांत मुदगल खण्ड विकास अधिकारी अवागढ़, छोटेलाल निरीक्षक क्राइम ब्रांच को अपरान्ह 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक, मो0 फैसल आलम खण्ड विकास अधिकारी जैथरा मनोज कुमार निरीक्षक क्राइम ब्रांच को रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक के लिए तैनात किया गया है।

# डीएम की अनुमति के बिना बैनामा कराने में फंसा दो करोड़ का मुआवजा

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - केंद्र सरकार ने अलीगढ़ से कानपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-91 के मार्ग को फोरलेन करने का फैसला लिया था। इसी के हिसाब से प्रशासन ने भूमि का अधिग्रहण किया, लेकिन बाद में इसे सिक्सलेन करने का फैसला लिया गया तो प्रशासन ने और जमीन का अधिग्रहण किया। इसमें अभी निर्माण कार्य फोरलेन का हो रहा है, लेकिन भविष्य में सिक्सलेन किया जाएगा। अलीगढ़ जिले की सीमा के कुल 15 गांवों से 50.47 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया। इसमें करीब 10 फीसद सरकारी थी। भूमि अधिग्रहण के लिए 154 करोड़ रुपये मुआवजा तय हुआ था। इसमें से अब तक करीब 145 करोड़ से अधिक की धनराशि का वितरण हो चुका है। करीब करीब नौ करोड़ का मुआवजा बचा हुआ है। इसमें पांच करोड़ की धनराशि का मामला भू स्वामित्व के चलते रुका हुआ है। वहीं, डीएम की बिना अनुमति अनुसूचित जाति से बैनामा कराने वालों का दो करोड़ व अन्य की धनराशि का मुआवजा फंस गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# एटा में प्रत्रकार के घर लाखों की चोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दोनों अलमारियों से 50 हजार की नगदी और लाखों के सोने के जेवरात सहित घर के बर्तन,कपड़े भी ले गए चोर,पत्रकार विजय वर्मा और उनके परिवारी जन गए थे शादी में, देर रात सुबह के पहर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर हुए फरार, पत्रकार विजय वर्मा दैनिक अमर उजाला के बियूरोचीफ राजीव वर्मा के भाई है, उनके निज आवास मेहता पार्क के पीछे गली बल्देव सहाय में चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देकर हुए फरार, सूचना पर पहुँची पुलिस जाँच में जुटी, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के गली बल्देव सहाय का मामला।

# वोट डालते समय अपना फोटो खींचा, मुकदमा दर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ट्विटर पर मतदान का फोटो देख प्रशासनिक अधिकारियों ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए थे जसरथपुर थाना क्षेत्र में वोट डालने गए मतदाता को अपने मतदान की फोटोग्राफी महंगी पड़ गई। ट्विटर पर मतदान का फोटो देख प्रशासनिक अधिकारियों ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए, जिस पर आरोपित के खिलाफ मतदान की गोपनीयता भंग करने का मामला दर्ज कर लिया गया।

# हिजाब विवाद के बीच कर्नाटक के शिवमोग्गा में बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की नृशंष हत्या को लेकर विहिप मे आक्रोश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि कर्नाटक के शिवमोग्गा में बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की नृशंष हत्या को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल मे काफी रोष ब्याप्त है।जिसको लेकर विहिप द्वारा पूरे देश मे प्रधानमंत्री/राष्ट्पति के नाम ज्ञापन दिये जायेंगे। श्री चौहान ने कहाँ कि यह इस्लामिक कट्टरपंथी नेताओं द्वारा फैलाए गए जहर का परिणाम है। हम को समाज के ऐसे नेताओं से किनारा कर लेना चाहिए अन्यथा हालात आजादी के पहले की ओर ले जाने वाले हो सकते है लेकिन विहिप ऐसे नेताओं को उनके मंसूबे में कामयाब नहीं होने देगी। श्री चौहान ने कहाँ कि शिवमोग्गा में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या को निंदनीय बताते हुए कहा कि ये उस जहर का परिणाम है, जो इस्लामिक कटटरपंथी नेताओं द्वारा प्रतिदिन मुस्लिम समाज के अंदर फैलाया जाता है।निरन्तर हिन्दूवादी संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निशाना वनाया जा रहा है तथा उनकी हत्याऐ हो रही है। श्री चौहान ने कहाँ कि इसके लिए विहिप व बजरंग दल एटा राष्ट्रपति जी व प्रधानमंत्री जी से मांग करती है हर्ष के हत्यारो की तत्काल गिरफ्तार कर स्पेशल सुनवाई कर बीच चौराहे पर फांसी दे तथा हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करे अन्यथा अव पूरे विश्व मे आन्दोलन होगे तथा हिन्दुओं की हो रही निरन्तर घटनाओं को अव सहन नही किया जायेगा।

## उमावि ओड़गी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई संपन्न, मुख्य अतिथि रहें क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े

**अगले सत्र में नवीन भवन निर्माण का विधायक ने दिलाया भरोसा**



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी- बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़गी में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से संसदीय सचिव व क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संजय यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा एवं जनपद अध्यक्ष मनिहारी लाल पैकरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समस्त सदस्यों के मध्य प्राप्त आबंटन राशि एवं खर्च का विवरण प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया साथ ही मुख्य विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को विधायक से अवगत कराया गया जिस पर संसदीय सचिव ने अगले सत्र में नवीन हायर सेकेंडरी भवन स्वीकृति का भरोसा दिलाया।

www.knlslive.com

## जल जीवन मिशन अंतर्गत लगाए गए नल कनेक्शन का लाभ प्रत्येक को मिले उपयोग बेहतर तरीके से करें - सीईओ

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने जिले के पार्वतीपुर, गणेशपुर, करतमा, परसापारा, महेशपुर, जुड़वानी, करवा, बिहारपुर, तुलसी के पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत संचालित अहाता निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, सीसी रोड निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर ग्राम पंचायत के प्रत्येक कार्य को बेहतर करते हुए समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत कार्यालयों में संधारित विभिन्न पंजियो का अवलोकन कर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों में नल लगाए जा रहे हैं घरों में नलों के माध्यम से पानी मिले बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ श्री राहुल देव ने ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखें पंचायती राज अधिनियम के पुस्तकों का अध्ययन कर बेहतर उपयोग करने निर्देश दिए। उन्होंने सभी सरपंच सचिव को पंचायती राज के कार्य प्रणाली नियमों, शक्तियों एवं अधिकारों को जानने एवं समझने पंचायती राज के पुस्तकों को अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने पंचायतों में संचालित विभिन्न कार्यों का उल्लेख पंजीयो में नियमित संधारित करने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन अंतर्गत लगाए गए नल कनेक्शन की उपयोगिता बेहतर तरीके से करें- सीईओ- भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने शासन की मंशा अनुसार स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न शासकीय कार्यालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घरों में ही पानी मिले जिसके लिए नल लगाए गए हैं। जिम्मेदारी पूर्ण नलों को सुरक्षित रखकर पानी का सदुपयोग करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी सरपंच एवं सचिव को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल जल योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देशित किया है। सीईओ श्री राहुल देव ने भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर, गंगापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, स्टोर कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष का निरीक्षण किया तथा बेहतर चिकित्सा उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के कार्य के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है उसका बेहतर लाभ लोगों को मिले आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो गए हैं उसका मूल्यांकन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।राष्ट्रपति भवन का अवलोकन किया सीईओ श्री राहुल देव ने भ्रमण के दौरान पण्डो नगर स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति भवन का बेहतर रखरखाव को ध्यान में रखते हुए कारपेट लगाने, पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुस्तकों का बेहतर सुरक्षा के लिए वुडन का अलमारी तैयार कर पुस्तकों को रखने निर्देशित किया तथा रंग रोगन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रपति भवन के परिसर में फूल लगाने निर्देश दिए हैं।

# संयुक्त टीम ने 3 दिन में रोके 5 बाल विवाह

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- विगत तीन दिनों में संयुक्त टीम ने 5 बाल विवाह रूकवाने में सफलता पायी है। जिला बाल संक्षण टिम के नेतृत्व में प्रेमनगर के दुरुस्त ग्राम-महेशपुर में 16 वर्ष 06 माह के बालक का, ओड़गी विकास खण्ड के करौटी बी में 17 वर्षिय बालिका का, ग्राम-डालाबहरा विकास खण्ड भैयाथान के 17 वर्षिय बालिका का, विकास खण्ड भैयाथान के ग्राम-बतरा का 20 विर्षय बालक ग्राम-मकरबंध विकास खण्ड रामानुजनगर का 17 वर्षिय बालिका का बाल विवाह रोका गया। विकास खण्ड भैयाथान के डालाबहरा में गई संयुक्त टीम को बालिका के घर वालों ने काफी घुमाने का प्रयास किया, ग्रामीण विवाह रोकने को राजी नहीं थे वे अड़े रहे कि कौन शिकायत किया उसे बताईये तभी कुछ होगा जिस पर संयुक्त टीम में उपस्थित थाना प्रभारी झिलमिली द्वारा सभी पर अपराध पंजीबद्ध करने एवं कार्यवाही करने की बात पर लड़की को सामने लाया गया। इसी प्रकार ग्राम-महेशपुर विकास खण्ड प्रेमनगर में मात्र 16 वर्ष 06 माह के बालक का विवाह कराया जा रहा था। जिसे संयुक्त टीम द्वारा समझाईश दिया गया कि विवाह का मतलब तो बालक समझ सके, विवाह करने के बाद काफी जिम्मेदारी उस बालक पर आ जायेगी, क्या उन जिम्मेदारियों का निर्वहन यह बालक कर सकता है। तब जाकर घरवाले विवाह रोकने पर राजी हो पाये। विवाह रूकवाने वालो में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, श्री अखिलेश सिंह, हर गोविन्द चक्रधारी, पवन धीवर, थाना प्रभारी झिलमिली बसंत खलखो, आरक्षक अनिल विश्वकर्मा, दीपक एक्का, महेश सिरदार, थाना प्रभारी प्रेमनगर विपिन लकड़ा, चौंकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी, सरपंच पति फेकूराम, माया चन्दकला जायसवाल, चाईल्ड लाईन राधा यादव, अनवरी खातुन, गोविन्दा साहू, रमेश साहू इत्यादि उपस्थित थे। अपील जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि सूरजपुर को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करें। बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम के अन्तर्गत बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। जिसमें बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को अनुमति देने वाले, बाल विवाह को सहयोग करने वाले, बाल विवाह में सम्मिलत होने वाले सभी को दण्ड के प्रावधान किये गये है। साथ ही बालिका एवं बालक के कम उम्र में विवाह होने से उनसे होने वाले बच्चा भी कुपोषित होता है। इसलिए अभी कम उम्र के बालक बालिकाओं पढ़ने लिखने में सहयोग प्रदान करें। विवाह रोकने के लिए टोलफ्री नं0 1098 में सूचना किया जा सकता है। बताने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

## सीएमएचओ ने हाट बाजार में उपस्थित जन समुदाय को स्वास्थ्य संबंधित दी जानकारी

**आकस्मिक निरीक्षण में ग्राम चंदरपुर का हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मिला बंद**

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- वर्तमान में चल रहे मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत् आम जनों तक सरल एवं सुलभ तरीके से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके इस उद्देष्य से जिले के प्रत्येक हाट बाजार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का आयोजन कर आमजनों को सफल एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान हो सके इस हेतु जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. आरएस सिंह ने विकासखण्ड रामानुजनगर में संचालित हो रहे मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना ग्राम पटना के हाट बाजार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाट बाजार में उपस्थित जन समुदाय को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई, साथ में थायराइड से ग्रस्ति महिला जिसका शरीर पुरी तरह से सुजा हुआ था, उस महिला का बी.पी. एवं सुगर की जॉच कर उसे जिला चिकित्सालय सूरजपुर ईलाज हेतु जाने की सलाह दी। मोतियाबिन्द के मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेषन कराने हेतु प्रेरित की गई। कोविड संक्रमण को रोकने एवं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु उक्त हाट बाजार में उपस्थित लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। इसके पष्चात् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदरपुर विकासखण्ड रामानुजनगर का आकस्मिक निरीक्षण कर संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु तथा साफ-सफाई पर विषेष ध्यान देने हेतु निर्देषित किया। शाम 4:55 बजे में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर चंदरपुर विकासखण्ड सूरजपुर का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बंद पाया गया। उक्त वेलनेस सेंटर में पदस्थ सी.एच.ओ., आर.एच.ओ. महिला, एवं द्वितीय एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबाव संतोषजनक प्राप्त नहीं होने की स्थिति पर एक दिवस का अवैतनिक करते हुये अनुषासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।